# बिजयनगर तहसील व आसपास के क्षेत्रों को नवसृजित केकड़ी जिले में शामिल करने का विरोध

## धरना स्थल पर दूसरे दिन शनिवार को किया गया हनुमान चालीसा का पाठ

**बिजयनगर,** (निसं)। बिजयनगर तहसील व आसपास के क्षेत्रों को नवसृजित केकड़ी जिले में शामिल करने के विरोध में दूसरे दिन शनिवार को समाजसेवी युवा नेता कैलाश गुर्जर व नगर वासियों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। धरना स्थल पर सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने के लिए प्रात: 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

बिजयनगर शहर के प्रबुद्ध जन नागरिकों, व्यापरिक संगठनों और सामाजिक संगठनों ने बिजयनगर शहर एवं क्षेत्र को अजमेर जिले में रखे जाने की मांग को व्यापक समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दौलतराम माणक चंदानी ने शनिवार को धरना स्थल पहुंचकर समर्थन किया। कैलाश गुर्जर ने बताया कि धरना जारी रहेगा। सरकार के फैसले नवसृजित जिले केकड़ी में विजयनगर तहसील क्षेत्र को शामिल करने का जनता द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है। समाजसेवी कैलाश गुर्जर ने बताया कि रविवार को धरना स्थल पर नगरवासियों द्वारा सामूहिक सुन्दर काण्ड का आयोजन किया जायेगा। अगर सरकार अपने फैसले को नहीं बदलती है तो हर रोज आंदोलन को उग्र रूप दिया जायेगा। इस मौके पर शिखरानी सरपंच सुरेन्द्र सिंह राठौड, पदम मुनोत, जिला कोषाध्यक्ष आशीष सांड, पूर्व मंडल अध्यक्ष चतर सिह पीपाडा, पूर्व जिला मंत्री मिट्ठू लाल रांका, सतीक्ष ओझा, नोरत लोढा, ज्ञानचन्द प्रजापत, सम्पत सैन सोमदत्त ओझा, सोहन लाल भण्डारी, भंवर सिह राठौड, रतन लाल, चित्रा टेलर, देवकी तोलनी, ऊषा ओझा, सोनू साहू , निशा शर्मा, प्रदीप सिंह भदौरिया, सोनू जोशी, ओमप्रकाश शर्मा, नारायण लाल जोशी, हंसराज गुर्जर, सुनिल रेगर, लादू लाल भटेवडा, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष सुरेश रामचन्दानी, दीपक वाधवानी, पप्पू शर्मा व मुकेश पुरी नागरिकों ने मांग का समर्थन करते हुए धरना स्थल पर मौजूद रहे।


बिजयनगर तहसील क्षेत्र को अजमेर जिले में रखें जाने की मांग को लेकर धरना दूसरे दिन भी जारी रहा।

- प्रबुद्ध जन नागरिकों, व्यापरिक संगठनों और सामाजिक संगठनों ने दिया समर्थन

# पश्चिमी राजस्थान के जिलों में तापमान 45 डिग्री पार

## बीकानेर,जैसलमेर, फलौदी, चूरू और जालोर में भी पारा 45 डिग्री से ऊपर पहुंचा

**बीकानेर,** (निसं)। बीकानेर में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया है। अभी तापमान में और बढ़ोतरी तय मानी जा रही है। दिन में जहां हीटवेव पड़ रही है, वहीं रात आठ से नौ बजे तक गर्म हवा पीछा नहीं छोड़ रही। उधर, डॉक्टर्स ने हीटवेव के चलते गर्मी से बचने की सलाह दी है।

मौसम विभाग के अनुसार बीकानेर के अलावा पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर, फलौदी, चूरू और जालोर में भी पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। बीकानेर में पिछले चार दिन से तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला चल रहा है। न सिर्फ अधिकतम बल्कि न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी हो रही है। दो दिन पहले तक पारा चालीस तक पहुंचकर भी सामान्य से कम था लेकिन अब सामान्य से ऊपर निकल गया है।

गर्मी बढ़ने के साथ ही दोपहर के समय बीकानेर की सड़कों पर यातायात कम हो गया है। लोग गर्मी में बाहर नहीं निकल रहे। खासकर दोपहर बारह बजे से चार बजे तक सड़कों पर आवाजाही कम हो गई है। सरकारी दफ्तरों और दुकानों पर भी भीड़ कम हो गई। वहीं शाम के समय बाजारों में रौनक बढ़ गई है। पब्लिक पार्क में शाम के समय ज्यादा भीड़ रहने लगी है। यहां बने अनेक पार्कों में लोग गर्मी से छुटकारा पाने पहुंच रहे हैं। यहां खानपान के साथ लोग बोटिंग और झुलों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। एक तरफ जहां सूर्यदेव ने अपने तेवर दिखाने शुरू किए हैं, वहीं शहर में बिजली और पानी की कटौती भी शुरू हो गई है। हर रोज आधे शहर को जलापूर्ति हो रही है, जबकि आधे शहर को इंतजार करना पड़ रहा है। इसके साथ ही बिजली कटौती भी लगातार हो रही है। अघोषित कटौती रात के समय हो रही है, जिससे परेशान लोग बिजली कंपनी को कोस रहे हैं।

# सूरतगढ़ को जिला बनाने की मांग, 88 साल की महिला अनशन पर बैठी

- अनशन स्थल पर बुज़ूर्ग महिला कलावती देवी ने स्मरण करते हुए कहा कि रियासतकाल में सूरतगढ़ जिला ही था
- 'परंतु समय बीतने के साथ सूरतगढ़ की उपेक्षा होती गई और पहले श्रीगंगानगर तथा उसके बाद में हनुमानगढ़ को जिला बना दिया'

**सूरतगढ़,** (निसं)। जिला बनाने की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन में बुजुर्ग भी आगे आए हैं। महाराणा प्रताप चौक पर चल रहे आंदोलन और क्रमिक अनशन के 54वें दिन शनिवार को 88 वर्षीय महिला कलावती देवी पेड़ीवाल 24 घंटे के लिए क्रमिक अनशन पर बैठी। उनके साथ विश्वकर्मा इलेक्ट्रिक ट्रेड एंड लेबर संघ के लक्की धवन, सनी खत्री, एससी युवा मोर्चा के रजनीश कुमार, अतुल सावनसुखा आदि भी क्रमिक अनशन पर बैठे। जिन्हें पूर्व विधायक अशोक नागपाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष काजल छाबड़ा, भाजपा की जिला उपाध्यक्ष आरती शर्मा, पीसीसी सदस्य और पार्षद परसराम भाटिया, समिति संयोजक किशोर कुमार गाबा और अध्यक्ष एडवोकेट विष्णु शर्मा समेत अन्य प्रबुद्ध जनों ने माला पहनाकर अनशन पर बैठाया।

जानकारी के अनुसार विश्वकर्मा इलेक्ट्रिक ट्रेड एंड लेबर संघ के अध्यक्ष जयप्रकाश पेड़ीवाल अनशन पर बैठे थे। जबकि उनके पुत्र नरेश कुमार उर्फ पवन पेड़ीवाल शुक्रवार को और आज जयप्रकाश की माता तथा पवन की दादी कलावती देवी पेड़ीवाल जिले की महत्वपूर्ण मांग को लेकर अनशन पर बैठी हैं। इस तरह एक ही परिवार की तीन पीढियां भी चाहती हैं कि सूरतगढ़ को जिला घोषित किया जाए। इसे लेकर जिला बनाओ अभियान समिति के पदाधिकारियों ने पेड़ीवाल परिवार का सम्मान भी किया। अनशन स्थल पर कलावती देवी ने स्मरण करते हुए कहा कि रियासतकाल में सूरतगढ़ जिला ही था। परंतु समय बीतने के साथ सूरतगढ़ की उपेक्षा होती गई और पहले श्रीगंगानगर तथा उसके बाद में हनुमानगढ़ को जिला बना दिया। उन्होंने सूरतगढ़ को भी जिला घोषित करने की मांग की।

इससे पूर्व 16 मई को आयोजित होने वाली विशाल आमसभा के प्रचार और प्रसार के लिए तैयार किए गए बैनर का भी समिति सदस्यों और गणमान्य लोगों ने अनशन स्थल पर विमोचन किया। इस दौरान प्रमोद ज्याणी, पूर्व पार्षद सुनील छाबड़ा, गुरजंट सिंह, मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पवन तावनिया, विविधा संस्था के योगेश स्वामी, महावीर भोजक, शिक्षाविद डॉ सचिन जेतली, रमेश चन्द्र माथुर, जितेंद्र शर्मा, कामरेड और पार्षद मदन ओझा, महावीर तिवाड़ी, मानव सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक मखीजा, दीनदयाल पिंचा, नरेश कुमार पेड़ीवाल, प्रकाश वर्मा, अली मोहम्मद, गोपाल आसेरी आदि अनेक जन मौजूद रहे।

# दस सफाई कर्मचारी निलम्बित

**टोंक,** (निसं)। नगर परिषद टोंक में वाल्मीकि समाज द्वारा की गई हड़ताल के समय हुए समझौते के अनुसार नगर परिषद में तैनात ग़ैर वाल्मीकि समाज के सफाई कर्मचारियों को उनके मूल कार्य पर लगाया गया था, जिस पर जो गैर वाल्मीकि सफाई कर्मचारी सफाई कार्य पर नहीं लौटे, उन कर्मचारियों को अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की मांग वाल्मिकी समाज द्वारा की गई थी। नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट द्वारा एक आदेश जारी कर गैर वाल्मिकी समाज के सफाई कर्मचारियों को ड्यूटी पर उपस्थित होने हेतु नोटिस जारी करने के पश्चात भी सफाई कार्य पर नहीं आने पर शनिवार को नरेन्द्र साहू, चौथमल जाट, देवालाल प्रजापत, रामबाबू, सतवीर गुर्जर, धर्मवीर गुर्जर, मुकेश चावला, राजेश सैनी, मुकेश, राकेश मीणा को निलम्बित किया गया है।

# बदमाश खुद हथियार लेकर थाने में पहुंचा

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट पुलिस अवैध हथियारों की धरपकड़ पर नकेल लगभग कस चुकी है। रोजाना हथियार बरामद हो रहे हैं। अब बदमाशों में पुलिस का खौफ भी दिखाई देने लगा है। एक ऐसा ही शख्स खुद को पुलिस के समक्ष समर्पण करने पहुंचा और अपने पास रखी पिस्टल और चार जिंदा कारतूस सौंप दिए। पुलिस ने उसे अब आमर्स एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। पता लगा कि उसकी कई लोगों से रंजिश थी तब यह हथियार खरीदा था। हथियार देने वाले को गत दिनों विवेक विहार पुलिस ने पकड़ा था। तब समर्पण करने वाले युवक को भी हथियार दिया गया था। समर्पण करने वाले युवक के खिलाफ विवेक विहार थाने में आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज हो रखा है। वह अब हथियारों से दूर होना चाहता है।


मंडोर थानाधिकारी ईश्वरचंद पारिक ने बताया कि लोहावट के मगरा स्थित ढाकों की ढाणी निवासी सचिन विश्नोई से एक पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए है। वह शुक्रवार शाम को पुलिस थाने के बाहर खड़ा था। तब ड्यूटी पर तैनात एसआई छैलसिंह ने उसके आने का कारण पूछा तो वह घबरा हुआ लगा। तब उससे तसल्ली पूर्वक पूछने पर बताया कि उसके पास में हथियार है। बाद में उसने खुद पुलिस को अपने पास में रखी अवैध पिस्टल और चार जिंदा कारतूस सौंप दिए।

# नाबालिग से दुष्कर्म की घटना का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में 7-8 मई की मध्यरात्रि को हुई 6 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए उत्तरप्रदेश के रहने वाले युवक को गिरफ़्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक आदर्श सिधू (आई.पी.एस.) ने बताता कि 6 वर्षीय बालिका के साथ हुए दुष्कर्म की घटना का खुलासा करने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय चंचल मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसआईसीडब्ल्यू घनश्याम शर्मा के निर्देशन में एवं नरेन्द्र दायमा वृत्ताधिकारी वृत्त शहर, रामचन्द्र चौधरी वृत्ताधिकारी वृत्त सदर भीलवाडा के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।

टीम ने 8 मई को प्रार्थी द्वारा दी गई लिखित रिपोर्ट, जिसमे उसने बताता कि वह अपने परिवार के साथ झोपडी में रहता है। सात मई को वह परिवार के साथ झोपडी में सो रहा था। रात को करीब 4 बजे बच्ची ने पेट दर्द होने की बात कहकर हमें उठाया। बच्ची की तबीयत ज्यादा खराब होने से एम.जी.एच. अस्पताल मे ईलाज हेतु भर्ती कराया तो बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात का पता चला इस रिपोर्ट पर पुलिस थाना कोतवाली पर प्रकरण व पॉस्को के तहत केस दर्ज किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली थानाधिकारी पुष्पा कासोटिया द्वारा स्वयं पीडिता बालिका से मनोवैज्ञानिक तरीके से संदिग्ध आरोपी के संबंध में जानकारी प्राप्त की जिससे यह ज्ञात हुआ कि रात्री में घटना कारित करने वाला एक संदिग्ध मोटरसाईकिल सवार है। इस आधार पर गठित विशेष टीमों एवं साईबर टीम द्वारा मोटरसाईकिल की तलाश हेतु आसपास के सीसीटीवी का गहनता से अवलोकन किया जिससे संदिग्ध मोटरसाईकिल चालक नजर आया। पुलिस ने मोटरसाईकिल के आने-जाने के समय एवं रूट को विभिन्न सीसीटीवी के रूट के माध्यम से वेरिफाई किया जिससे मोटर साईकिल चालक की हरकते संदिग्ध लगी इसके बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने से यह घटना का आरोपी संदिग्ध ही प्रतीत हुआ तो इस बाइक सवार व्यक्ति को डिटेन कर पूछताछ की तो घटना करना स्वीकार किया। इस पर पुलिस ने आरोपी कृष्णा उर्फ जीतू उर्फ अर्जून उर्फ गुड्डु राजपूत पुत्र वीरेन्द्र सिंह राजपूत निवासी बोनई थाना दादो जिला अलीगढ (उत्तर प्रदेश) हाल किरायेदार आर.के कॉलोनी थाना सुभाषगनर को गिरफ़्तार कर वारदात का खुलासा किया है।


भीलवाड़ा में पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया।

# श्रमिक की दम घुटने से मौत

## सीवर लाइन में सफाई के लिए उतरा था श्रमिक

**जोधपुर,** (कासं)। सीवर लाइन में सफाई के लिए उतरा श्रमिक की दम घुटने से मौत हो गई। इस घटना से एयरफोर्स एरिया में एकबारगी खलबली मच गई।

सूचना पर पुलिस के आलाधिकारी सहित राज्य सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार भी वहां पहुंची। कड़ी मशक्कत कर श्रमिक को पहले सीवर लाइन से बाहर निकाला गया। फिर अस्पताल ले जाया गया। मगर उसकी मौत हो चुकी थी।

जानकारी के अनुसार शहर के एयरफोर्स एरिया में गटर लाइन चॉक होने पर एक व्यक्ति ने निजी सफाइ कर्मचारी को बुलाया। उसने घर की नाली आदि चैक करने के बाद मैन सीवर लाइन में देखा। फिर वह उसमें उतर गया। जिससे दम घुटने पर उसकी मौत हो गई।

एसीपी पूर्व देरावर सिंह ने बताया कि एयरफोर्स इलाके में रहने वाले गोविंदराम ने अपने घर की नाली चॉक होने पर एक सफाईकर्मी को बुलाया था। उसने घर की नाली आदि चैक किए थे। मगर समस्या का हल नहीं होते देख वह मैन सीवर तक गया और फिर उसमें उतर गया। सीवर लाइन के गंध में उसका दम घुट गया। बाद में घटना की जानकारी पर एयरफोर्स पुलिस सहित सेना के जवान भी वहां पहुंच गए। काफी मशक्कत के बाद सफाई कर्मी को बाहर निकाल कर अस्पताल भिजवाया गया। मगर यहां पर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। उसकी पहचान कालिया दुक्का बकरा मंडी हरिजन बस्ती निवासी 45 साल के कैलाश चावरियां की रूप में की गई। एसीपी देरावरसिंह ने बताया कि मृतक कैलाश चावरियां निजी सफाईकर्मी था। वह नगर निगम में कार्यरत नहीं था और बगैर सुरक्षा के सीवर लाइन में उतरा था।

# बैंक खाते से 1.71 लाख पार

**जोधपुर,** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो विशिष्ट न्यायाधीश कोर्ट की एक स्टेनो की दो बैंक खातों से किसी शातिर ने 1.71 लाख की रकम साफ कर दी। घटना 24 अप्रेल की है। साइबर फ्रॉड नंबर पर शिकायत दी और रकम को होल्ड करवाया गया। मगर अभी तक उनके खाते में रूपए रिफंड नहीं हुए है। इस पर उन्होंने अब उदयमंदिर थाने में मामला दर्ज कराया है।

पुलिस ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो विशिष्ट न्यायाधीश कोर्ट संख्या दो की एक स्टेनो वंदना खींची की तरफ से केस दर्ज करवाया गया।

इसमें बताया कि उनका एक बैंक खाता एसबीआई कचहरी की शाखा में आया है। दूसरा पंजाब नैशनल बैंक चौहाबो में है। गत 24 अप्रेल को उन्होंने अपने मोबाइल पर मैसेज चेक किए तो पता लगा कि एसबीआई के खाते से 71 हजार रूपए और पीएनबी खाते से 99999 रूपए पार हो गए है। किसी शातिर ने बिना उनकी जानकारी के रूपए निकाल लिए।

इस पर उन्होंने रात को ही साइबर पोर्टल नंबर 1930 पर शिकायत के साथ एफआईआर दी। जिस पर रकम को होल्ड करवा दिया गया। मगर वह बैंक गई तो पता लगा कि रकम रिफंड नहीं हो पाई है। अब उन्होंने उदयमंदिर थाने में 1.71 लाख की धोखाधड़ी में केस दर्ज करवाया है।

# 205 किलो अवैध डोडा-पोस्त सहित तस्कर गिरफ्तार


ब्यावर के सदर थाना पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार किया।

**ब्यावर,** (निसं)। सदर थाना पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में ग्राम डोली कलों पुलिस थाना कल्याणपुरा जिला बाडमेर निवासी लालाराम विश्नोई पुत्र देवाराम गौरा को अवैध डोडा-पोस्त परिवहन करना पाया जाने पर गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक अजमेर चूनाराम जाट आई.पी.एस.ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान माना की घाटी रावला बाडीया चौराहा के पास विजयनगर रोड पर नाकाबंदी की गयी थी। इसी दौरान एक वाहन मारुति सुजुकी डिजायर के चालक ने पुलिस को देखकर वाहन को पुन: विजयनगर की ओर भगाना चाहा, जिस पर पुलिस टीम द्वारा घेरा देकर वाहन को रुकवाया गया। वाहन रुकवाते ही एक व्यक्ति मौके से फरार हो गया तथा एक अन्य व्यक्ति लालाराम विश्नोई को मौके से डिटेन कर वाहन की तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान वाहन में कुल 205 किलो अवैध डोडा-पोस्त पाया गया जिसे ज़ब्त किया जाकर वाहन को भी कब्ज़े में ली लिया गया। मौके से फरार व्यक्ति की तलाश हेतु टीमों का गठन किया गया। अवैध डोडा पोस्त परिवहन में प्रयुक्त उक्त वाहन पर लगी नम्बर प्लेट भी फर्जी पायी गई। पुलिस द्वारा मामला दर्ज़ किया जाकर जांच शुरू कर दी गई है।

# पुलिस दल पर हमला करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। जिले के ओगणा थाना क्षेत्र में डकैत रणिया के पुत्र को गिरफ्तार करने के लिए दबिश देने पहुंचे पुलिस दल पर हमला करने के मामले में गैंग के बदमाश को गिरफ्तार किया तथा विधि से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन किया।

प्रकरण के अनुसार गत दिनों माण्डवा थाना क्षेत्र कूकावास गांव में डकैत रणिया के पुत्र खाजु को गिरफ्तार करने पहुंचे पुलिस दल पर रणिया व उसके परिजनों ने पुलिस दल पर हमला कर हथियार लूट ले गए थे। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर पुलिस उप अधीक्षक कोटडा राजेश कुमार कसाणा के सुपरविजन में कोटडा थानाधिकारी रामसिंह चुण्डावत एवं माण्डवा थाना की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए शनिवार को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर रणिया गैंग के बदमाश अर्जुनलाल पुत्र गलका बुम्बडिया निवासी बाखेल खारावली थाना मांडवा को मांडवा नदी रास्ते से गुजरात जाते समय गिरफ्तार किया। इस दौरान उसके साथी विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन किया। जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने अर्जुनलाल को न्यायालय में पेश कर तीन दिन का पुलिस रिमाण्ड लिया है। पुलिस अब तक रणिया गैंग के मुख्य गुर्गे श्रवण पुत्र समाराम बुम्बडिया निवासी खारा कुपिया के अलावा मुकेश उर्फ टीटा पुत्र मीनीया बुम्बडिया निवासी आडावेला व आडावोला कुकावास थाना माण्डवा निवासी करमा पुत्र नानिया को गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है।

प्रकरण के अनुसार डकैती गैंग का मुखिया रणिया का बेटा खाजरू भी हिस्ट्रीशिटर होकर उसके खिलाफ लूट, डकैती सहित अपराधिक मामले दर्ज है। खाजरू को कोटडा एवं सिरोही पुलिस तलाश करने में लगी हुई थी। 27 अप्रेल को खाजरू के घर पर होने की पुख्ता सूचना मिलने पर माण्डवा थानाधिकारी उत्तमसिंह स्पेशल टीम रणिया के घर दबीश देने पहुंचे। इससे पूर्व ही वहां घात लगाए बैठे रणिया व उसके करीब 30-35 परिजनों ने पुलिस दल पर पत्थरों से हमला कर दिया था। इस दौरान मची भगदड में हमलावर पुलिस की एक एसएलआर व पिस्टल भी ले गए। घटना के बाद से ही जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर पुलिस उप अधीक्षक राकेश कसाणा के निर्देशन में गठित टीमें रणिया व उसकी गैंग के बदमाशों को गिरफ्तार करने में जुटी है।

# नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार


बिजयनगर पुलिस ने बेरोजगार युवकों को नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वालों को गिरफ्तार किया।

**बिजयनगर,** (निसं)। बिजयनगर पुलिस ने एसएमएस अस्पताल जयपुर में वार्ड बॉय की नौकरी दिलाने के झांसे में लेकर लाखों की ठगी करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी दिनेश कुमार चौधरी ने बताया कि बिजय नगर क्षेत्र के आसपास रहने वाले बेरोजगार नरेंद्र विपुल साबिर काठात महेश एवं अन्य साथियों ने पुलिस थाना उपस्थित होकर हरिकिशन राठी, कैलाश चंद मीणा एवं नरेंद्र सिंह के खिलाफ एसएमएस अस्पताल जयपुर में वार्ड बॉय की नौकरी का झांसा देकर 15-16 लाख रुपए की राशि की धोखाधड़ी करने रिपोर्ट दर्ज करवाई।

आरोपी करीब 1 साल से फरार चल रहे थे। आरोपियों द्वारा बेरोजगार युवकों को मंत्री विधायक नौकरशाही अफसरों के नजदीक होने का झूठा झांसा देकर फंसाते थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हरिकिशन राठी पुत्र सुखदेव मेघवंशी निवासी धोबिया का बाडिया व हनुतिया कैलाश चंद मीणा पुत्र रामचंद्र मीणा निवासी भोजपुरा पुलिस थाना रायसर जिला जयपुर गिरफ्तार किया। पुलिस की गठित टीम में थाना अधिकारी दिनेश कुमार चौधरी, कॉन्स्टेबल राजाराम, विजेंद्र सिंह, रेखराज, चेनाराम व मुकेश मीणा शामिल थे।